राज्यपाल सचिवालय
राजभवन जयपुर

# रेलवे अधिकारियों ने किया जयपुर जंक्शन पर स्वागत

## राज्यपाल श्री कलराज मिश्र माउंट आबू रवाना

जयपुर, 1 जून। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र गुरुवार दोपहर को ग्रीष्मकालीन प्रवास के लिए माउंट आबू रवाना हुए। राज्यपाल श्री मिश्र और राज्य की प्रथम महिला श्रीमती सत्यवती मिश्र गुरुवार दोपहर करीब ढाई बजे जयपुर जंक्शन से सुल्तानपुर—अहमदाबाद एक्सप्रेस द्वारा आबू रोड जंक्शन रवाना हुए।

जयपुर रेलवे मण्डल के वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक श्री मुकेश सैनी ने जयपुर जंक्शन पर उनकी अगवानी की। राज्यपाल के प्रमुख विशेषाधिकारी श्री गोविन्द राम जायसवाल भी उनके साथ ट्रेन द्वारा रवाना हुए।

---